निबंधन एवं शर्तें
वरिष्ठ परामर्शदाता – एचएमआईएस (एनयूएचएम)

राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केंद्र (एनएचएसआरसी), नई दिल्ली स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन (एनयूएचएम) में कार्य करने के लिए ऊपर उल्लिखित पद को पूर्णतया संविदा आधार पर भरने हेतु अर्हता-प्राप्त अभ्यार्थियों से आवेदन-पत्र आमंत्रित करता है।

भूमिका तथा उत्तरदायित्व:

- एनयूएचएम के मॉनिटरिंग एवं रिपोर्टिंग सहित प्रभावी कार्यान्वयन हेतु कमियों तथा क्षेत्रों की पहचान करने में केंद्र तथा राज्यों को सहायता देना तथा उनके साथ समन्वय करना।
- मंत्रालय के एचएमआईएस/सांख्यिकी प्रभाग के साथ प्रभावी रूप से समन्वय करना तथा एचएमआईएस आंकड़ों का विश्लेषण करना।
- एचएमआईएस, एनएफएचएस इत्यादि जैसे विभिन्न स्रोतों के साथ आंकड़ों को त्रिपक्षीय बनाने में सक्षम होना।
- कार्यक्रम निष्पादन के संबंध में आवधिक रिपोर्टें तैयार करना।
- कार्यक्रम मूल्यांकन अध्ययनों की योजना बनाना तथा आयोजन करना।
- विभिन्न स्तरों पर सृजित किए गए आंकड़ों को उनकी गुणवत्ता को सुनिश्चित करते हुए प्रभावी, समय से तथा सटीक तरीके से प्राप्त करने की प्रणाली विकसित करना।
- एमआईएस को सुदृढ़ बनाने हेतु क्षेत्रों की पहचान करना, सिफारिश करना तथा पहलों के सुदृढ़ीकरण हेतु सहायता उपलब्ध करना।
- कार्यक्रम मॉनिटरिंग आंकड़ों पर आधारित सूचना का राज्यों/यूएलबी में प्रचार-प्रसार करना।
- आंकड़ा रिपोर्टिंग एवं आंकड़ों के उपयोग सहित एचएमआईएस के विभिन्न पहलुओं पर राज्य और जिला स्तर के अधिकारियों को प्रशिक्षण उपलब्ध कराना।
- मंत्रालय/अन्य पणधारकों की अपेक्षाओं के अनुसार रिपोर्टों/डेश बोर्डों/स्कोर कार्डों के संकेतकों/टेम्पलेटों को विकसित करने हेतु उत्तरदायी होना।
- एचएमआईएस आंकड़ों की गुणवत्ता की समीक्षा करने, चुनौतियों को अभिज्ञात करने तथा इन चुनौतियों से निपटने के लिए राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों की सहायता करने तथा प्रशिक्षणों का आयोजन करने इत्यादि के लिए राज्यों/संघ राज्यों और जिलों के आवधिक फील्ड दौरे करना।
- एचएमआईएस से संबंधित राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों की कार्यक्रम कार्यान्वयन योजना (पीआईपी) का मूल्यांकन करने के लिए उत्तरदायी होना। मानकों का अनुपालन सुनिश्चित करने हेतु राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के साथ संपर्क करना तथा अंतिम पीआईपी में संशोधन करने एवं प्रस्तुत करने हेतु राज्यों को यथा अपेक्षित जानकारियां उपलब्ध कराना।
- रिपोर्टिंग प्राधिकारी द्वारा समय-समय पर सौंपे जाने वाले अन्य कार्यों को पूरा करना।

पात्रता:

- **स्वास्थ्य प्रबंधन/जन स्वास्थ्य/सांख्यिकी /सूचना प्रौद्योगिकी/ स्वास्थ्य सूचना विज्ञान में स्नातकोत्तर डिग्री/डिप्लोमा।**
- **संबंधित क्षेत्र में अर्हता उपरांत कार्य में कम से कम 5 वर्ष का अनुभव। राज्य स्तरीय अनुभव पर विचार किया जाएगा तथा वह वांछनीय होगा। संबंधित क्षेत्र में कार्य अनुभव होने को तरजीह दी जाएगी।**
- **एमएस वर्ड, एक्सल, पॉवर प्वाइंट, एसएएस, एसपीएसएस इत्यादि जैसे सामान्य तौर पर उपयोग किए जाने वाले पैकेजों की उच्च स्तरीय जानकारी सहित कंप्यूटर में दक्षता।**
- **उत्तम संप्रेषण एवं प्रस्तुतीकरण कौशल, विश्लेषणात्मक तथा अंतर-वैयक्तिक योग्यताएं, अंग्रेजी बोलने और लिखने में दक्षता।**
- **उन अभ्यार्थियों को वरियता दी जाएगी जिन्हें एसएएस, वीडीडी तथा डब्ल्यूआरएस सॉफ्टवेयरों का कार्य अनुभव होगा तथा जिन्होंने राष्ट्रीय अथवा राज्य स्तर के स्वास्थ्य एमआईएस में कम से कम दो वर्ष कार्य किया हो।**
- **बहु-विषयक दल परिवेश में कार्य करने में योग्यता प्रदर्शित करना।**
- **तकनीकी सहायता उपलब्ध कराने हेतु राज्यों तथा जिलों की यात्रा करने के इच्छुक तथा समय-सीमा के अंदर एक साथ विभिन्न कार्यों को करने की दक्षता।**

वेतनमान: 90,000/-रु. से 1,30,000/-रु. प्रति माह

आयु: आवेदन प्राप्त करने की तारीख को ऊपरी आयु सीमा 50 वर्ष है।

आवेदन करने के लिए:
अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि वे एनएचएसआरसी की वेबसाइट पर अपलोड किए गए भर्ती हेतु सूचना के साथ संलग्न आवेदन पत्र को डाउनलोड कर विधिवत भरे हुए आवेदन पत्र को **29-May-2018** तक nuhm.recruitments@gmail.com पर ई–मेल कर दें। किसी अन्य प्रारूप में प्रस्तुत किया गया आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा। कृपया सुनिश्चित करें कि आवेदन पत्र पर आवेदन किए गए पद का उल्लेख किया गया है, अन्यथा आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किया जाएगा।